वॉल्यूम 14
नमस्कार DeKalb County स्कूल जिला परिवार,

मुझे उम्मीद है कि आपका हफ्ता शुभ रहा। जैसे ही हम वापिस आने की तैयारी कर रहे हैं आप सब को आपके फीडबैक के लिए धन्यवाद। जिला जॉर्जिया डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ (DPH), जॉर्जिया डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन और DeKalb County बोर्ड ऑफ हेल्थ के निर्देशों का पालन कर रहा है। प्रति 100,000 DeKalb County निवासियों के प्रति 14 दिनों के औसत के संबंध में DeKalb County बोर्ड आफ हेल्थ के ट्रेंड डाटा के परिणामस्वरूप, हम संभव होने पर जिले को अपने आमो सामने की योजना के चरण II में स्थानांतरित करने की तैयारी कर रहे हैं। (अस्वीकरण: जॉर्जिया डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ ने नई जानकारी प्राप्त होने पर डेटा की संख्या और अपडेट को सूचित करता है)।

आज तक, औसत 103 है। औसत की दैनिक रूप से जांच जारी रहेगी क्योंकि हमने विज्ञान और हमें उपलब्ध डेटा द्वारा निर्देशित किया जाना चुना है। DCSD COVID-19 री-ओपनिंग टास्क फोर्स रुझानों की निगरानी और समायोजन जारी रखता है ताकि सभी छात्रों, फैकल्टी और स्टाफ की सुरक्षा और भलाई को सुनिश्चित की जा सके।

हमारी अंतिम इंगेजमेंट के बाद से, हम DCSD शिक्षक और अभिभावक सलाहकार समूहों और कई प्रिंसिपलों से मिले हैं ताकि उनका फीडबैक ले सकें। जिला संबंधित माता-पिता और सामुदायिक हितधारकों के बारे में जानता है, जिन्होंने आमने-सामने निर्देश पर लौटने के संबंध में अपनी अलग-अलग स्थितियों को सांझा किया है। जबकि हम मानते हैं कि ऐसे भी माता-पिता हैं जो चाहते हैं कि स्कूल जल्द से जल्द खुलें, इस लिए यह याद रखना आवश्यक है कि हमें सभी समुदाय के हितधारकों की चिंताओं को चरणबद्ध दृष्टिकोण द्वारा सुरक्षित रूप से फिर से खोलने के लिए संतुलित करना चाहिए।

DCSD COVID-19 थिंक टैंक रोज मिलता है और यह मूल्यांकन करना जारी रखेगा कि यह सुनिश्चित करने के लिए क्या आवश्यक है कि हमारी कक्षाएँ, सुविधाएँ और बसें सुरक्षित हैं, और हमारे पास सभी DCSD हितधारकों के लिए स्वस्थ वातावरण है। चल रही महामारी के दौरान हमारे छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा की रक्षा करना जिले की सबसे महत्त्वपूर्ण प्राथमिकता है।

कर्मचारी
19 अक्टूबर को, DCSD री-ओपनिंग COVID-19 टास्क फोर्स हमारी समय सीमा के बारे में DeKalb काउंटी बोर्ड आफ एजुकेशन को एक अपडेटिड योजना प्रस्तुत करेगी। हम माता-पिता, शिक्षकों और अन्य सामुदायिक हितधारकों से फीडबैक के आधार पर हमारे आमो सामने के निर्देश प्लान को बेहतर करना जारी रख रहे हैं।

विद्यार्थी
जैसा कि पिछले सप्ताह के अपडेट में चर्चा की गई है, विद्यार्थी चरण III में जाने से पहले चरण II में दूरस्थ / दूर के वातावरण में सीखना जारी रखते हैं। चरण III में, माता-पिता / अभिभावकों के पास हाइब्रिड शिक्षा या दूरस्थ / दूर के शिक्षा का विकल्प होता है। 9 अक्टूबर को इंटेंट टू रिटर्न फॉर्म दिया गया ताकि माता-पिता / अभिभावक प्रत्येक बच्चे के लिए अपना मन पसंद विकल्प चुन सकें। जवाबों से स्थानीय स्कूलों को अनुमति मिलेगी कि वो विद्यार्थियों को छोटे समूहों में संगठित करें ताकि हाइब्रिड

लर्निंग के दौरान कक्षाओं में समाजिक दूरी की आवश्यकताएं बरकरार रह सकें और विद्यार्थियों के लिए योजना बना सकें जो घर पर वर्चुअली सीखना जारी रखेंगे जब भी फेज़ III शुरू होती है।

लिंक: https://dekalb.co1.qualtrics.com/jfe/form/SV_cO7CQFP10BWfwuF

विचाराधीन शिक्षा मॉडल इस प्रकार हैं:

हाइब्रिड लर्निंग मॉडल (आमो सामने और दूरस्थ / दूर से शिक्षा का संयोजन):

हाइब्रिड लर्निंग मॉडल उन परिवारों के लिए बनाया गया है, जो दूरस्थ / दूर की शिक्षा के संयोजन के साथ स्कूल के माहौल में अपने बच्चों को आमने-सामने लाने में सहज महसूस करते हैं। विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों और सहपाठियों के साथ निजी रूप से से बातचीत करने का मौका मिलेगा। परिवार किसी भी समय स्थानीय स्कूल में चेंज ऑफ इंटेंट टू रिटर्न फॉर्म को पूरा करके दूरस्थ / दूर की शिक्षा मॉडल का विकल्प चुन सकते हैं।

विद्यार्थियों और कर्मचारियों को फेस कवरिंग या मास्क पहनना होगा। इसके साथ ही, विद्यार्थियों को अपने जिले से जारी या व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को स्कूल में लाने की आवश्यकता होगी।

दूरस्थ / दूर का शिक्षा मॉडल:

दूर की / दूरस्थ शिक्षा मॉडल उन परिवारों के लिए बनाया गया है, जो इस समय अपने बच्चों को आमो सामने की शिक्षा के लिए स्कूल भेजने में असहज महसूस करते हैं। विद्यार्थी स्कूल द्वारा प्रदान किए गए वर्चुअल फॉर्मैट में घर से सीखना जारी रखेंगे। परिवारों को स्थानीय स्कूल में चेंज ऑफ इंटेंट टू रिटर्न फॉर्म को पूरा करके प्रत्येक 4.5-सप्ताह के ग्रेडिंग अंतराल पर वर्तमान इन परसन लर्निंग मॉडल में बदलने का मौका मिलेगा।

सभी परिवारों को 23 अक्टूबर, 2020 तक इंटेंट टू रिटर्न फॉर्म को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। फ़ॉर्म को पूरा करने से पहले, कृपया अपने बच्चे की विद्यार्थी पहचान संख्या (लंच नंबर या क्रोमबुक लॉगिन नंबर) प्राप्त करें। यदि आपके पास अपने बच्चे की विद्यार्थी पहचान संख्या नहीं है, तो पेरेंट पोर्टल पर जाएँ, अपने बच्चे की हाल ही की प्रोग्रेस रिपोर्ट देखें या अपने बच्चे के शिक्षक से संपर्क करें।

हमारे विद्वानों और उनके परिवारों को हमारी दुबारा खोलने की योजना के अगले चरणों के लिए तैयार करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। आप इस समाचार पत्र, हमारे DCSD वेबपेज, स्कूल वेबसाइटों, स्कूल मैसेंजर और सोशल मीडिया आउटलेट्स (फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम) द्वारा दुबारा खोलने की योजना के बारे में नियमित अपडेट की उम्मीद जारी रख सकते हैं।

क्षेत्र में

मुझे क्षेत्र के दौरे के लिए क्षेत्र I अधीक्षक, Ms. Melanie Pearch से जुड़ने की खुशी थी। क्षेत्रीय अधीक्षक Pearch और मैंने Ashford Park एलीमेंट्री, Doraville United एलीमेंट्री, और

Chamblee हाई स्कूल का दौरा किया। Blue Ribbon Schools के लिए Kittredge Magnet ES और Austin ES को बधाई। यह देखना भी लाजवाब था कि क्रॉस कीज ने विद्यार्थी के विकास और इस क्लस्टर में कई वेटरन प्रिंसिपलों का अनुभव किया है जो अपने स्कूलों के लिए प्रतिबद्ध हैं। जैसा कि सिकोया मिडल के प्रिंसिपल सेड्रिक एंथनी ने कहा, "हम पेड़ों को उगाने में मदद करने के लिए बीज बोते हैं जो हमें छाया देंगे जिसे के नीचे हम कभी नहीं बैठ सकते हैं।"

उन कई परिवारों को धन्यवाद जो मेरे पास पहुंचने और सवाल पूछने या अपनी बहुमूल्य प्रतिक्रिया सांझा करने के लिए समय निकालना जारी रखते हैं। यह सुनिश्चित करने की कोशिश में कि सभी को एक प्रतिक्रिया मिलती है, कृपया अपने प्रश्नों और प्रतिक्रिया को अपने क्षेत्रीय अधीक्षक और प्रिंसिपल को बताएं। मैं जानता हूँ कि यह हमारे कई DCSD परिवारों के लिए एक अत्यंत तनावपूर्ण समय है। जैसा ही हम अपने हाल ही के स्कूल वर्ष पर विचार करते हैं हैं, मैं हमारे विद्वान की सुरक्षा और शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता पर जोर देना चाहता हूँ ।

आपका #1 चीयरलीडर,

Cheryl Watson-Harris